# साइबर तहसील से नामांतरण प्रक्रिया हुई पारदर्शी

▸ 70 दिन की प्रक्रिया मात्र 20 से 25 दिन में होगी पूरी

**अदनान खान**

**रायसेन, 26 मई. प्रदेश सरकार सुशासन, प्रशासनिक पारदर्शिता और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है.राज्य सरकार का लक्ष्य नागरिकों को सरकारी सेवाएं सरल, सुगम और समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराना है.**

इसी दिशा में प्रारंभ की गई 'साइबर तहसील 2.0' पहल राजस्व प्रणाली में ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण परिवर्तन का माध्यम बनी है.भूमि नामांतरण प्रक्रिया को डिजिटल और केंद्रीकृत बनाकर इस व्यवस्था ने नागरिक सुविधाओं को अधिक सहज और प्रभावी बनाया है और ईज़ ऑफ़ लिविंग को मजबूत किया है.



## ▸ 5 .60 लाख से अधिक ऑनलाइन नामांतरण प्रकरणों का हुआ निराकरण

साइबर तहसील 2.0 व्यवस्था से अब तक प्रदेश में 5.60 लाख से अधिक ऑनलाइन नामांतरण प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया जा चुका है.पहले जहां नामांतरण की प्रक्रिया में लगभग 70 दिन का समय लगता था, वहीं अब अधिकांश प्रकरण मात्र 20 से 25 दिनों में पूरे हो रहे हैं.इससे नागरिकों के समय, श्रम और धन की बचत सुनिश्चित हुई है.राज्य सरकार ने साइबर तहसील व्यवस्था की शुरुआत 'साइबर तहसील 1.0' के रूप में की थी.इसके अंतर्गत प्रारंभिक चरण में पूर्ण खसरा से संबंधित नामांतरण प्रकरणों को शामिल किया गया था.रजिस्ट्री के बाद पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संचालित होती थी और मैन्युअल हस्तक्षेप को न्यूनतम रखा गया था.इस व्यवस्था की सफलता को देखते हुए सरकार ने इसका दायरा बढ़ाते हुए 'साइबर तहसील 2.0' लागू की.इसमें अब आंशिक खसरा, अर्थात भूमि के किसी हिस्से की बिक्री से संबंधित नामांतरण प्रकरणों को भी डिजिटल प्रणाली में शामिल किया गया है.

### आंशिक खसरा प्रकरणों का समाधान हुआ सरल

आंशिक खसरा से जुड़े मामले तकनीकी रूप से अधिक जटिल माने जाते हैं, क्योंकि इनमें भूमि के हिस्से का सीमांकन, रिकॉर्ड संशोधन और संबंधित जानकारी का सटीक अद्यतन आवश्यक होता है. 'साइबर तहसील 2.0' ने इस चुनौती का समाधान डिजिटल तकनीक से किया है.इससे राजस्व रिकॉर्ड को अद्यतन करने की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और विश्वसनीय बनी है. . मध्यप्रदेश सरकार की यह पहल राजस्व प्रणाली में डिजिटल सुधारों का प्रभावी उदाहरण बनकर उभरी है. 'साइबर तहसील 2.0' अब देश के अन्य राज्यों के लिए भी सुशासन, पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित सेवाओं का प्रेरक मॉडल बन रही है.

# विधायक ने पीड़ितों को बंधाया ढांढस

▸ 3 बच्चियों के परिजनों को सहायता राशि के पत्र सौंपे



**नवभारत न्यूज**

**गैरतगंज, 26 मई. गैरतगंज तहसील के आदिवासी बहुल ग्राम सगौर में हुए दर्दनाक कुएं हादसे के बाद क्षेत्रीय विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी गांव पहुंचे.उन्होंने कुएं में डूबने से मृत तीन बच्चियों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया.उन्होंने शासन की ओर से स्वीकृत आर्थिक सहायता 4-4 लाख रुपए की राशि के पत्र सौंपे.**

विधायक डॉ. चौधरी ने पीड़ित परिवारों से कहा कि इस दुख की घड़ी में शासन और प्रशासन पूरी तरह उनके साथ खड़ा है.उन्होंने परिवारों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है. डॉ. चौधरी ने गांव की पेयजल व्यवस्था की भी जानकारी ली.अधिकारियों ने बताया कि गांव में एक नवीन सामुदायिक कूप की स्वीकृति हो चुकी है और इसका निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जल्द शुरू कराया जाएगा. विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में शीघ्र और सुचारु पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को पानी की समस्या से राहत मिल सके.

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष वीर सिंह पटेल, वरिष्ठ नेता बृजेश चतुर्वेदी, भागचंद चौरसिया, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष हरिनारायण धाकड़, सरपंच सैयद मसूद अली पटेल, भगवान सिंह लोधी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे.

अधिकारियों में अनुविभागीय अधिकारी अंकित जैन, कार्यपालक मजिस्ट्रेट नरेश सिंह राजपूत, जनपद पंचायत सीईओ पूजा जैन तथा एसडीओ आरईएस नरेश ठाकरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे.

## एक नजर में

### बेगमगंज में 90 हजार रुपए में बिका बकरा



**बेगमगंज , 26 मई.** नगर में हाट बाजार बकरों के नाम पर रहा. सैकड़ों की संख्या में बिकने के लिए पहुंचे बकरों में बड़े और खूबसूरत बकरों की बोली ऊंचे दाम पर 90 हजार तक लगाई गई. बकरा ईद के मद्देनजर ऊंचे दामों पर बकरे खरीदे गए. सबसे मंहगा बकरा हैदर रहा जो 90 हजार में बिका. इसके अतिरिक्त शेर खान 70 हजार , राजा 55 हजार , सुल्तान 35 हजार में बिका. मंझले बकरे 20 से 30 हजार और छोटे बकरे 15 से 20 हजार तक की कीमत में बिके.

फोटो श्रमदान सिलवानी

### तालाब में श्रमदान कर की सफाई

**सिलवानी, 26 मई.** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत सिलवानी की ग्राम पंचायत जमुनिया में तालाब की सफाई की गई .उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संचयन करना है .भविष्य के जल संकट से निपटने की तैयारी है .पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण भी लक्ष्य है .कार्यक्रम में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी पहुंचे .सभी ने मिलकर श्रमदान किया .तालाब की सफाई में सक्रिय भूमिका निभाई .इस दौरान जल संरक्षण के महत्व को लेकर जागरूकता भी बढ़ाई गई .अधिकारियों ने कहा कि समय रहते जल स्रोतों का संवर्धन नहीं हुआ तो आने वाले वर्षों में जल संकट और गंभीर हो सकता है .कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ नीलम रायकवार, एसडीओ मनरेगा सुशील गोयल, दुर्गेश तिवारी सहायक ग्रेड 3, सरपंच, उपयंत्री, पंचायत सचिव, सहित कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी मौजूद रहे . अधिकारियों ने बताया कि जल संरचनाओं की नियमित सफाई, गहरीकरण से वर्षा जल का बेहतर संचय संभव है .ग्रामीणों से अधिक से अधिक वर्षा जल रोकने, संरक्षित करने की अपील की गई .



### जनसुनवाई में समस्याओं का किया निराकरण

**रायसेन, 26 मई.** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया। कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए आवेदकों से उनकी समस्याओं पर चर्चा करते हुए निराकरण किया .जनसुनवाई में लगभग 87 आवेदन प्राप्त हुए .कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी सम्मानित

**रायसेन, 26 मई .** राज्य स्तर से सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में माह अप्रैल 2026 की ग्रेडिंग विगत दिनों जारी की गई, जिसमें रायसेन जिले ने 89 .27 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ पुन : प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है . कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले में सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का अंतिम और संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है तथा विगत एक वर्ष से रायसेन जिला निरंतर सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में अग्रणी बना हुआ है . सोमवार को कलेक्टर विश्वकर्मा ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया .कलेक्टर ने सभी अधिकारियों के प्रयासों और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यहां रुकना नहीं है .

# पेयजल की समस्याओं का निराकरण करें

▸ कलेक्टर ने बैठक में अफसरों को दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 26 मई.कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा मंगलवार को वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से राजस्व प्रकरणों, धारणाधिकार प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम तथा अधिकारियों को दिश-निर्देश दिए गए.**

कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण की एसडीएम और तहसीलवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयावधि में निराकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए.उन्होंने धारणाधिकार के प्रकरणों पर की जा रही कार्यवाही की भी समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को प्राथमिकता से कार्यवाही पूर्ण कराने के निर्देश दिए.

बैठक में लोक सेवा गांरटी के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि प्रकरण अधिक समय तक लंबित ना रहें.प्रकरण प्राप्त होते ही नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्रकरणों का समयावधि में निराकरण किया जाए.इसी प्रकार सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की भी अनुभागवार और तहसीलवार समीक्षा करते हुए संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए गए.साथ ही नगरीय निकायों में पेयजल की सुचारू आपूर्ति कराने और कहीं से भी पेयजल की समस्या की जानकारी मिलने पर शीघ्र निराकरण कराने के भी निर्देश दिए गए.

### निजी बोर का अधिग्रहण किया जाए

कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की समीक्षा करते हुए पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है .ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या होने पर प्राथमिकता से वैकल्पिक व्यवस्था की जाए .साथ ही पेयजल संबंधी समस्याओं का भी शीघ्रता से निराकरण कराएं .बसाहटों में पेयजल की समस्या होने पर आवश्यकतानुसार निजी बोर का अधिग्रहण किया जाए .उन्होंने खाद्य अधिकारियों को भी पीडीएस का वितरण शीघ्र सुनिश्चित कराने के लिए कहा .कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे .अनुभागों से एसडीएम, तहसीलदार और संबंधित विभागों के अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

# गैरतगंज क्षेत्र में नमाज का समय हुआ तय

**गैरतगंज, 26 मई.** तहसील क्षेत्र में 28 मई को ईद मनाई जाएगी. त्योहार के मद्देनजर मस्जिदों एवं शूरा कमेटियों के जिम्मेदारों की एक बैठक आयोजित की गई.बैठक में ईद की नमाज के समय तय किए गए गैरतगंज नगर की मंडी मस्जिद में सुबह 6:30 बजे हाफिज सद्दाम कुरैशी इमामत कर नमाज अदा कराएंगे. ईदगाह मस्जिद में सुबह 7:00 बजे मौलाना जमाल उद्दीन नमाज अदा कराएंगे, जबकि जामा मस्जिद में सुबह 7:30 बजे मुफ्ती मशकूर नदवी इमामत कर नमाज अदा कराएंगे. गढ़ी में ईदगाह पर सुबह 7:00 बजे मौलाना अतीकुर्रहमान तथा जामा मस्जिद में सुबह 7:30 बजे मुफ्ती इनामुर्रहमान नमाज पढ़ाएंगे. देहगांव में ईदगाह पर सुबह 7:00 बजे मौलाना कमरुद्दीन की इमामत में नमाज होगी, जबकि जामा मस्जिद में सुबह 7:30 बजे हाफिज अब्दुल हफीज नमाज अदा कराएंगे.बैठक में मौजूद जिम्मेदारों ने मुस्लिम समाज से अपील की कि ईद के मौके पर भाईचारा, अमन और आपसी सौहार्द बनाए रखें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें.साथ ही जरूरतमंदों की मदद करने और कुर्बानी के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की भी अपील की गई.

# सोजनी धाम रोड के डामरीकरण की मांग



**सांईखेड़ा, 26 मई.** क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री हनुमान मंदिर सोजनी धाम मार्ग की हालत अत्यंत खराब हो गई है, जिससे श्रद्धालुओं को काफी असुविधा होती है.ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन सौंपकर मार्ग पर पुन: डामरीकरण किए जाने की मांग की है. ज्ञापन में उल्लेख किया है कि सिलवानी - नीगरी सोजनी धाम रोड का निर्माण लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सिलवानी के द्वारा किया गया है जिसमें सोजनी नींगरी के बीच रास्ते पर रिपटा का निर्माण का कार्य किया गया है. बारिश के मौसम अथवा थोड़ा पानी गिर जाने पर रिपटे के ऊपर से पानी जाने लगता है. नीगरी से सोजनी धाम सड़क को ऊंचा उठाने एवं श्रीराम जानकी एवं हनुमान मंदिर सोजनी धाम पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भी अत्यधिक परेशनी का सामना करना पड़ता है.

ग्रामीणों ने बड़ा पुल स्वीकृत करवाये जाने एवं पुन: डामरीकरण करवाने की मांग की, जिससे मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं की समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है. ज्ञापन सौंपने के अवसर पर सुखलाल, जीवनसिंह, रामकृष्ण, सुरेश, दर्शनसिंह, संतोष, नीलेश, जयदीप, शुभम् आदि उपस्थित रहे.


## आरोपियों को उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश

**रायसेन, 26 मई.** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा आरोपी बनवारी रायसिक निवासी इन्द्रा कॉलोनी बाड़ी को तत्काल प्रभाव से आगामी 6 माह की अवधि तक प्रत्येक सप्ताह के दिन सोमवार को तहसीलदार बाड़ी के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं. बनवारी रायसिक के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 31 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं. इसी प्रकारं आरोपी गोलू अहिरवार पिता रतिराम अहिरवार निवासी ग्राम बेरखेड़ी बरामद गढ़ी को 06 माह की अवधि तक प्रत्येक सप्ताह के दिन गुरुवार को तहसीलदार (कार्यपालिक मजिस्ट्रेट) तहसील बेगमगंज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए.

# जंगल में मिला तेंदुए का शव

**नवभारत न्यूज**

**बम्होरी,26 मई. वन परिक्षेत्र पश्चिम सिलवानी की प्रतापगढ़ बीट ग्राम बावुलिया के जंगल में मंगलवार सुबह एक तेंदुए का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और मामले की जांच शुरू कर दी.ग्रामीणों ने जंगल में तेंदुए का शव पड़ा होने की सूचना वन विभाग को दी थी.**



सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे और शव का निरीक्षण किया. प्रारंभिक तौर पर तेंदुए की मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं. तेंदुए लगभग 2 वर्ष का होगा. वन विभाग द्वारा पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जा रही है, जिसके बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा. वन विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

# पेसा मोबिलाइजर्स ने सेवामुक्ति के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**सिलवानी, 26 मई.** प्रदेश के पेसा मोबिलाइजर्स की सेवामुक्ति के विरोध में मंगलवार को पेसा मोबिलाइजर्स ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार गौरव शुक्ला को राज्यपाल के नाम ज्ञापन में मांग की गई कि प्रदेश के 5254 पेसा मोबिलाइजर्स को सेवामुक्त करने संबंधी आदेश को तत्काल निरस्त किया जाए.ज्ञापन में बताया गया कि पेसा मोबिलाइजर्स लंबे समय से आदिवासी एवं दुर्गम क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने, पेसा एक्ट एवं वनाधिकार कानून के प्रति जागरूकता फैलाने, शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा ग्रामीणों और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं.



**प्रशिक्षण** ▸ बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ प्रोफेशनल खिलाड़ियों की तैयारी पर जोर

# ग्रीष्मकालीन समर कैंप में निखर रहीं खेल प्रतिभाएं

**नवभारत न्यूज**

**सिलवानी, 26 मई. मध्यप्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सिलवानी में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है. 30 मई तक चलने वाले इस कैंप में बच्चों के व्यक्तित्व विकास, नई खेल प्रतिभाओं की पहचान और उन्हें भविष्य के प्रोफेशनल खिलाड़ी के रूप में तैयार करने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है.**



खेल शिक्षक कमलेश जाटव ने बताया कि कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना, उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाना तथा नेतृत्व क्षमता का विकास करना है. इसके अंतर्गत बच्चों को योग, फिटनेस और विभिन्न खेलों की बुनियादी जानकारी दी जा रही है. कैंप में नए खिलाड़ियों की स्क्रीनिंग, बॉडी कम्पोजिशन और प्रदर्शन का रिकॉर्ड भी तैयार किया जा रहा है, ताकि भविष्य में खेल अकादमियों में चयन के दौरान उन्हें सहायता मिल सके. इसके अलावा बच्चों को नशे से दूर रहने, साइबर सुरक्षा तथा सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है.नगर के अधूरे खेल परिसर में आयोजित इस कैम्प में ऑर्चरी, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, खो-खो, कराते और वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है.

# आत्मनिर्भरता के लिए किया प्रेरित

▸ नारी जागरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रायसेन, 26 मई.** गायत्री परिवार के नव विस्तार गायत्री चेतना केंद्र, इंड्स टाउन क्षेत्र मंडीदीप द्वारा नारी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करना था. मुख्य अतिथि एसडीओपी शीला सुराना ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया.उन्होंने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया. गायत्री शक्तिपीठ एवं प्रज्ञा पीठ की मुख्य वक्ताओं आशा पाठक, प्रियंका शर्मा और ऋतु सक्सेना ने भी महिलाओं को संबोधित किया. उन्होंने आत्मनिर्भर बनने, पारंपरिक संस्कारों के साथ आधुनिक कौशल अपनाने और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिए. कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया. संगीत टीम की मीना श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, सुषमा वालदया, राखी राजपूत और काव्यांशी ने भजनों व प्रेरणादायक गीतों से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया. संचालन गायत्री प्रज्ञा पीठ बरखेड़ा ने किया. चेतना केंद्र समन्वयक धीरज मनी ने आभार व्यक्त किया. स्थानीय महिला मंडलों की सक्रिय भागीदारी रही. ममता मालवीय, रामकली कनोजिया, निशा मालवीया, पूजा सिन्हा (मंडीदीप महिला मंडल), रचना सिंह, किरण वर्मा, माधुरी खादीपुरे, दीपिका लिबर्टी, इंद्रा केथूनियां, प्रियंका विश्वकर्मा और रश्मि सिंह सहित कई महिलाओं ने नारी सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया. जिला समन्वयक रमेश नागर, महावीर पाटीदार, युवा प्रकोष्ठ सह समन्वयक अमर धाकड़ और शक्तिपीठ भोपाल तथा ओबेदुल्लागंज शक्तिपीठ की टीमें उपस्थित थीं.